(V) Need to provide adequate funds to State Governments

Of U.P. and Madhya Pradesh for providing relief to the people

Affected by drought particularly in Bundelkhand region :

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) : महोदय, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड अंचल के छतरपुर, टीकमगढ़ , दतिया, सागर, दमोह, पन्ना, झांसी, हमीरपुर, बांदा तथा ललितपुर जिलों में गत 3 वर्षों से लगातार अतिवृटि, सूखा तथा ओलावृटि से किसानों की फसलों को भारी क्षति होने के कारण भयानक अकाल जैसी स्थिति पैदा हो गई है। बुंदेलखंड क्षेत्र पूर्णतया कृषि पर आधारित है तथा उद्योगविहीन है। इस साल भी खरीफ की फसल नट होने के कारण लाखों किसान, मजदूर, कारीगर रोजगार की तलाश में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और देश के अन्यान्य भागों को पलायन कर रहे हैं। राज्य सरकारें स्वयं आर्थिक संकट में फंसे होने के कारण इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पा रही है। स्थिति का लाभ उठाकर असामाजिक तत्व स्थानीय जनता को आपराधिक गतिविधियों की ओर उकसा रहे हैं। जनसामान्य में भीषण रोष और आक्रोश व्याप्त है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह तत्काल आवश्यक कदम उठाए और राज्य सरकार को राहत कार्यों हेतु समुचित धन उपलब्ध कराए।